खबर संक्षेप

## बस से नीचे गिरे कंडक्टर की हो गई मौत

**कटनी।** चलती बस से अचानक कंडक्टर नीचे गिर गया। कंडक्टर को गंभीर चोट आने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसा माधवनगर थाना अन्तर्गत दुगाड़ी नाला के पास गत दिवस हुआ। बताया गया है कि बस एमपी 21 पी 0343 कटनी से सिलौड़ी जा रही थी। माधवनगर के आगे एमपीईबी रेस्ट हाउस के पास सवारी बैठाने के लिए दरवाजे से बाहर की ओर कंडक्टर विपिन राय झुका, तभी चालक ने बस में ब्रेक लगा दिया जिससे कंडक्टर बाहर की ओर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद मौके पर मजमा लग गया, राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और कंडक्टर को जिला अस्पताल भेजा, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस की जांच में सामने आया है कि मृतक ढ़ीमरखेड़ा के सिलौड़ी का रहने वाला है जो लंबे समय से बस में कंडक्टर का काम किया करता था। पुलिस अन्य तथ्यों को जांचन में लगी है। पुलिस ने बताया है कि जिस बस से हादसा हुआ है, उस बस को जब्त कर थाने में खड़ा करा दिया गया है। कानून प्रक्रिया पूरी होने के बाद बस को छोड़ा जाएगा।

### कन्हवारा में लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर ने सुनीं समस्याएं

# गांव पहुंचा प्रशासन, लोगों ने बताईं पीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कन्हवारा ग्राम में गुरुवार को आयोजित हुए जिले के पहले लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 86 लोगों ने पहुचकर अपनी समस्याओं का आवेदन दिया। यहां मौजूद कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पूरी गंभीरता और संजीदगी से ग्रामीणों का दुःख-दर्द सुना। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने यहां समस्याओं के निराकरण की आस में पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात की। ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं और शिकायतों की तफसील से किस्सागोई बयां किया और आवेदन दिया। कलेक्टर ने यहां पहुंचे हर व्यक्ति से पूरी आत्मीयता से भेंट की और धैर्यपूर्वक एक - एक ग्रामीण की समस्या के निदान हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले हर आवेदनों की ही भांति कलेक्टर लोकसुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में भी प्राप्त सभी समस्यामूलक आवेदनों की समय-सीमा बैठक में स्वयं व्यक्तिगत समीक्षा करेंगे और इनमें संबंधित विभागों द्वारा निराकरण हेतु किए गए प्रयासों की स्थिति की जानकारी लेंगे।

### ट्रांस्फार्मर की समस्या

कछगवां जोबा निवासी नत्थूलाल पटेल ने लोकसुनवाई एवं जनसंवाद शिविर में कलेक्टर को अवगत कराया कि गांव जोबा के नलजल सप्लाई कनेक्शन वाला ट्रांस्फार्मर काफी दिनों से बंद है, जिससे गांव में पानी की आपूर्ति में दिक्कत होती है और नलजल सप्लाई वाले ट्रासफार्मर को खेती वाली बिजली की लाइन से जोड़कर जल आपूर्ति की जा रही है। जिससे लोगों को पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में सहसपुर के किसनों ने अवगत कराया कि कृषि कार्य हेतु विद्युत पंप चलानें के लिए पर्याप्त मात्रा में बोल्टेज नहीं मिल पा रहा है इसके लिए विद्युत लाईन बढ़ाने और अतिरिक्त ट्रास्फार्मर लगाने की किसानों द्वारा मांग की गई। यहीं के किसानों ने कलेक्टर को अवगत कराया कि अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगनें से कृषि कार्य हेतु पर्याप्त बिजली मिल सकेगी। कलेक्टर ने इसके निराकरण के लिए बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित करते हुए इन आवेदनों के नियमित पर्यवेक्षण के लिए समय-सीमा बैठक की सूची में भी दर्ज करनें के निर्देश दिए ताकि मॉनिटरिंग हो सके।

### 2 माह से खराब पड़ा हैण्डपंप

कन्हवारा के पंच सुखेन्द्र सिंह ने बताया कि लगभग 2 माह से उनके मोहल्ले का हैंडपंप खराब और बिगड़ा है। इसका सुधार नहीं हो पाया है । इस पर कलेक्टर श्री यादव ने तत्काल मौके पर कार्यपालन यंत्री पीएचई को तलब कर हैण्डपंप का सुधार कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### रिकार्ड इन विभागों के लगे स्टॉल

लोकसुनवाई, जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान पंजीयन काउंटर के अलावा विद्युत विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, जल संसाधन विभाग, सामाजिक न्याय एवं निशक्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग , सूक्ष्म लघु एवं उद्यम विभाग, ग्रह विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के काउंटर लगाए गए थे। लोकसंवाद कार्यक्रम के दौरान एएसपी संतोष डहरिया, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, तहसीलदार बीके मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित मौजूद रहे।



## जबरन न लगाएं रंग गुलाल, सद्भाव से मनाए होली का पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

आगामी पर्व होली,धुरेड़ी, ईदुल फितर और चैत्र नवरात्रि पर्व को लेकर उमरियापान पुलिस थाना में गुरुवार शाम को शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि होली और ईदुल फितर का पर्व हिन्दू मुस्लिम दोंनो ही भाईचारे के साथ मनाए। कोई भी व्यक्ति एक दूसरे से विवाद न करे। कीचड़ और गंदगी से होली न खेलें।एक दूसरे को जबरदस्ती रंग गुलाल न लगाएं।लड़ाई झगड़े हो तो इसकी जानकारी पुलिस को दें। नायब तहसीलदार अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि बिजली तारों और फसलों के समीप होलिका न जलाएं।व्यवस्थित तरीके से उचित स्थान पर ही होलिका दहन करें।जुलूस आदि निकालकर हुड़दंग नहीं मचाएं।इसके अलावा नवरात्रि पर्व को भी श्रद्धा पूर्वक मनाने कहा। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी अपने अपने सुझाव रखे।

इस दौरान शिवकुमार चौरसिया, विजय दुबे,अटल ब्यौहार,आशीष चौरसिया, बसंत चौरसिया,राजेश ब्यौहार,जयप्रकाश चौरसिया, ललित गौतम,वंशरूप चौरसिया, सुखदेव चौरसिया, जगन्नाथ मांझी, जितेन्द्र अरोरा, पारस पटेल,शैलेन्द्र पौराणिक,संदीप सोनी,महेंद्र कोरी, अय्यूब खान,मोहम्मद हनीफ, सलीम शाह,अरुण गुप्ता,शिवम गौतम, स्वतंत्र चौरसिया,सत्तू सोनी, अंकित झारिया,केके चौरसिया ,राकेश यादव,राजेंद्र चौरसिया, पंकज नामदेव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

*शराब की अवैध बिक्री रोकने बरही पुलिस ने की कार्यवाही*

## अलग अलग स्थानों में दबिश देकर जब्त की गई 68 हजार की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बरही पुलिस ने त्यौहार के पूर्व शराब अवैध शराब बिक्री एवं कच्ची शराब बनाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की है। थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में आगामी त्योहार होली एवं रमजान आदि को दृष्टिगत रखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने कार्यवाही की गई। पुलिस द्वारा परसवारा मोड पारधी टोला में दबिश देकर अवैध शराब एवं महुआ लाहन नष्टीकरण की कार्यवाही करते हुए कुल 30 कंटेनर में प्रत्येक में 15 किलोग्राम कुल 450 किलोग्राम महुआ लहान कीमती करीबन 45000 रूपए को जप्त कर नष्टीकरण की कार्यवाही की गई एवं मौके पर 10 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब कीमती करीबन 4000 रुपए जप्त किया गया। आरोपितों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### यहां से जब्त की गई शराब

थाना क्षेत्र में अलग– अलग स्थानों उबरा, झिरिया, बड़ागांव, मिडकी, करोदीकला, करेला, बुजबुजा, छिंदहाई पिपरिया खिरहनी में दबिश देकर अवैध शराब बेचने वाले 09 व्यक्तियो विरूद्ध कुल 115 पाव देशी मदिरा प्लेन, 12नग वियर, 25 लीटर कच्ची महुआ शराब इस प्रकार कुल 18300 रूपये की शराब जप्त कर कार्यवाही की गई।

सार्वजनिक स्थान पर शांति एवं कानून व्यवस्था भंग करने वाले 05 व्यक्तियो को मोके पर गिरफ्तार कर धारा 170 BNSS के तहत कार्यवाही कर तहसील कार्यालय बरही पेश किया गया है ।

पूरी कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव, उ. नि विनोदकांत सिंह, स. उ.नि देवानंद शर्मा, प्र आर व्यास गुप्ता ,सतीश हल्दकार, उदयपाल सिंह , सीताराम वर्मा, आर. अवधेश,पूरन,सोनू आर्मो, सुनील मरकाम व आर. आशीष की विशेष भूमिका रही।

## शराब पीकर वाहन चलाने पर 10 हजार रूपए का लगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही



शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालक के विरुद्ध बरही पुलिस द्वारा करते हुए न्यायालय में पेश किया गया जहां पर न्यायालय द्वारा 10,000 रूपए का जुर्माना लगाया गया। बरही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत व वाहन दुर्घटना पर नियंत्रण रखने हेतु पुलिस द्वारा अभियान के दौरान कमानिया गेट बरही पास बोलेरो क्र. MP 21MC 7777 का चालक पप्पू लोनी पिता रामप्रसाद लोनी 37 साल निवासी पोडिया थाना इंदवार जिला उमरिया को शराब के नशे मे वाहन चलाते पाये जाने पर मौके से उक्त बोलेरो वाहन को जप्त कर चालक के विरुद्ध धारा 185 मो. व्ही.एक्ट के तहत इस्तगासा तैयार कर जेएमएफसी बरही न्यायालय मे पेश किया गया। माननीय न्यायालय व्दारा वाहन चालक पप्पू लोनी के विरूद्ध 10000/- रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है ।

कार्यवाही में थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव, उ.नि विनोदकांत सिंह, , आर. अवधेश सिंह, आर. पूरन सिंह व आर. चालक संजय पाण्डेय की मुख्य भूमिका रही।

## शहर को टी.बी मुक्त बनाने महापौर ने ली शपथ, सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार द्वारा देश के 347 चयनित जिलों के तहत कटनी जिले में 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान 7 दिसंबर 2024 से प्रारंभ किया गया जो कि आगामी 24 मार्च 2025 विश्व क्षय दिवस तक संचालित किया जाएगा।उक्त अभियान अंतर्गत सहयोग देने हेतु 6 मार्च को महापौर प्रीति संजीव सूरी ने एमआईसी सदस्यों एवं पार्षद साथियों के साथ अपने जीवनकाल में टी.बी (क्षयरोग) को समाप्त करने,टी.बी से स्वयं को, अपने परिवार ,अपने सहकर्मी व आस-पास के लोगों को बचाने,खाँसने के दौरान सही तरीक़ों का पालन करने,अपने गाँव, जिले, राज्य और अपने भारत देश को टी बी मुक्त बनाने की शपथ ली।

महापौर सूरी ने कहा कि सभी नागरिक टी बी जैसी बीमारी को नष्ट करने हेतु अधिक से अधिक जागरूकता रखते हुए टी बी के लक्षण जैसे दो सप्ताह से अधिक खांसी,बुख़ार,रात में पसीना आना,छाती में दर्द,वजन कम होना,भूख कम होने,बलगम में खून आने पर तुरंत अपने नज़दीकी शासकीय चिकित्सालय में टी.बी की जाँच अवश्य कराये ताकि इसका समय पर उपचार किया जा सके। यह एक संक्रामक रोग है जो उपचार के अभाव में जानलेवा भी हो सकता है। अतः सभी नगर वासियों से टी बी की बीमारी को अपने देश समाज से नष्ट करने हेतु सहयोग की अपील की है।



## मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**बड़वारा।** गुरुवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़वारा द्वारा पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता को भिखारी कहने पर इस्तीफ़ा की माँग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम बड़वारा तहसीलदार को ज्ञापन दिया एवं पुतला दहन किया गया जिसमे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विकास निगम, मोहम्मद इस्राइल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष बड़वारा, शैलेश जायसवाल, ओंकार सिंह टेकाम, अंशुल राजपूत ,संदीप बैरागी, रवि बैरागी, गणेश निगम, नीरज अहिरवार, अमित चौधरी, शिवचरण चौधरी उर्फ चैनी, शिवम, बिट्टू, संजय रजक, किरण यादव, कान्हा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कक्षा 10वीं की परीक्षा में 13927 परीक्षार्थी हुए शामिल

# लापरवाही पर पर्यवेक्षकों को शोकाज नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में कटनी जिले में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार 6 मार्च को 10वीं बोर्ड के संस्कृत विषय की परीक्षा जिले के 97 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा के दौरान कुल दर्ज 14 हजार 244 परीक्षार्थियों में से 13 हजार 927 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित रहे तथा 317 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा आज परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री पी.पी. सिंह ने शासकीय हाई स्कूल सुरमा स्थित परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया। जबकि सभी 97 परीक्षा केन्द्रों में कलेक्टर प्रतिनिधि उपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का नकल का प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

गुरूवार 6 मार्च को माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के संस्कृत की परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के निरीक्षण दल ने परीक्षा केंद्रों कांटी बरहटा, सिंगौड़ी उत्कृष्ट विजयराघवगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। इस बीच परीक्षा केंद्रों सिंगौड़ी और उत्कृष्ट विजयराघवगढ़ में पर्यवेक्षकों द्वारा लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने हेतु प्रतिवेदन दिया गया है।

## जिले में 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा नवीन शिक्षा सत्र

**कटनी।** जिले में नवीन शिक्षा सत्र 1 अप्रैल 2025 से प्रारंभ होगा। कक्षा पहली में प्रवेश प्रक्रिया 1 मार्च 2025 से शुरू हो चुकी है, जबकि कक्षा दूसरी से आठवीं तक के वर्तमान छात्रों का अगली कक्षा में नामांकन 25 मार्च 2025 तक पूरा किया जाएगा। 31 मार्च तक समग्र शिक्षा पोर्टल पर सभी छात्रों का डेटा अद्यतन करने के निर्देश राज्य शिक्षा केन्द्र के हैं। 17 मार्च तक अभिभावकों को आमंत्रित किया जाएगा, जिनके साथ 1 अप्रैल को विद्यालयों में आयोजित विशेष बाल सभा में शैक्षणिक नीतियों पर चर्चा की जाएगी। इस दिन प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेश उत्सव के तहत नए छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण और विशेष मध्यान्ह भोजन का आयोजन होगा।



## खबर संक्षेप

### राजस्थाना में मिली चार माह से लापता बालिका

**कटनी**। चार माह पूर्व लापता हुई एक बालिका को स्लीमनाबाद पुलिस ने दस्तयाब कर उसे सुरक्षित परिवार के सुपुर्द किया। बेटी को सुरक्षित वापस पाकर परिवार वालों के चेहरे खुशी से खिल उठे। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया द्वारा बालक, बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए विशेष टीम लगाई गई। जिसने लापता बालिका की लगातार खोजबीन की, आखिरकार सूचना के आधार पर राजस्थान में बालिका की मौजूदगी की जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर तत्काल टीम को रवाना किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर बालिका को सकुशल दस्तयाब कर स्लीमनाबाद लाकर परिजनों के सुपुर्द किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि मां के डांटने की वजह से घर से बिना बताए चली गयी थी। बालिका को पुनः अपने बीच पाकर परिवारजनों में अत्यंत हर्ष और भावुकता का माहौल था। परिजनों ने थाना स्लीमनाबाद कटनी पुलिस की इस महत्वपूर्ण कार्यवाही के लिए धन्यवाद प्रकट किया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद निरीक्षक अखलेश दाहिया ,सउनि जुबेर अली, म.आर सुनीता ठाकुर, आर. सोने सिंह की अहम भूमिका रही।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला घायल

**कटनी**। स्लीमनाबाद थानांतर्गत ग्राम गुदरी में एक वृद्ध महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसमे महिला को सिर में गम्भीर चोटें आई है। परिजनों के द्वारा महिला को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घायल महिला के पुत्र लोकेश चौधरी ने बताया कि बुधवार शाम 4 बजे ग्राम गुदरी निवासी 61 वर्षीय कल्लू बाई चौधरी घर के बाहर कचरा फेंक कर लौट रही थी तभी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी जिसमे उन्हें सर में गम्भीर चोटें आई जिससे बेहोश हो गई पुत्र के द्वारा उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### महिला ने पैसे छीनने एवं बदसलूकी के लगाए आरोप

**कटनी**। कोतवाली थाने के बाहर फुटपाथ में सब्जी की दुकान लगाने वाली महिलाओं के साथ अवैध वसूली एवं सामग्री छीन कर ले जाने और मारपीट का आरोप लगाते हुए महिला ने कोतवाली में शिकायत करने पहुंची लेकिन पुलिस ने नगर निगम में शिकायत करने कहा गया। बताया जाता है कि गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे कोतवाली थाने के बाहर सब्जी लग रही छापरवाह निवासी पान बाई चौधरी ने नगर निगम अतिक्रमण दस्ते के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि 200 की अवैध वसूली करते हैं और हमारा सामान छीनकर ले जाते हैं। मेरे साथ बदतमीजी कर मारपीट की है जिसकी शिकायत मैंने कोतवाली थाने में करने गए लेकिन पुलिस ने नगर निगम जाने की समझाइश दी है।

### छात्रा का प्रदान की स्कूटी



**विजयराघवगढ़**। शासन के निर्देशानुसार 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की वार्डन द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ में अध्यनरत सुश्री पूर्णिमा केवट पिता रमेश केवट को स्कूटी प्रदान की गई। वार्डन श्रीमती रचना मिश्रा ने बताया की पूर्णिमा बायो साइंस की छात्रा रही गरीब परिवार की बालिका होने के करण कस्तूरबा गांधी बालिका रहवासी छात्रावास में रहकर अध्ययन किया। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय के बाद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्या अध्ययन कर 12वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी पर उत्तीर्ण होने के उपलक्ष में शान द्वारा 90000 की स्कूटी प्रदान की गई। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि बालिका को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके भाई विवेक पांडे द्वारा 11000 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। बालिका पूर्णिमा केवट ने अपने माता-पिता गुरुजनों बल्कि विजयराघवगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

---

### पुलिस कप्तान ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को क्षेत्र का भ्रमण कर परिस्थितियों पर नजर रखने दिये निर्देश

# त्यौहारी रंग में न पड़े भंग, अलर्ट मोड पर खाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





आगामी रंगों के पर्व होली को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों ने मातहत कर्मचारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर स्थितियों का जायजा लिया। पर्व के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे एवं किसी प्रकार की अप्रिय घटना या वारदात न हो इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर निगरानी बदमाशों को चेक किया गया।

शहर में बीती रात पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा सहित शहर के सभी थाना प्रभारियों एवं भारी पुलिस बल को साथ लेकर रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसपी की अगुवाई में फ्लैग मार्च करते हुए अधिकारियों ने क्षेत्र के निगरानी शुदा गुंडे बदमाशों के ठिकानों पर पहुंचकर उन्हें चेक किया। साथ ही संवेदनशील इलाकों पर भ्रमण करते हुए क्षेत्र में अमन चैन के लिए पुलिस के सख्त तेवर का एसपी श्री रंजन ने संदेश दिया।

पुलिस कप्तान अभिजीत कुमार रंजन द्वारा जिले में कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में फ्लैग मार्च करने एवं आपराधिक तत्वों पर सतत निगाह रखने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। होली के दौरान आपराधिक गतिविधियों पर पूर्णतः विराम लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को साथ लेकर स्वयं रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के फॉरेस्टर वार्ड, गड्ढा टोला, भट्टा मोहल्ला क्षेत्र में फ्लैग मार्च करते हुए अपराधिक तत्वों को कड़ा संदेश देते नजर आए।

फ्लैग मार्च के दौरान एसपी श्रीरंजन की अगुवाई में शहर के सभी थाना तथा चौकी प्रभारी भी मौजूद रहे। आज किए गए फ्लैग मार्च के जरिए एसपी श्री रंजन ने अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त बदमाश प्रवृत्ति के लोगों को यह सीधा संदेश दे दिया है कि यदि उन्होंने पर्व के दौरान शहर की आबोहवा खराब करने के उद्देश्य से किसी भी अवैध या फिर आपराधिक गतिविधि को अंजाम दिया तो उन्हें किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से कुठला थाना प्रभारी राजेंद्र मिश्र, माधव नगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रूपेंद्र सिंह राजपूत, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

इसी तरह बड़वारा पुलिस क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी की अगुवाई में क्षेत्र में पैदल भ्रमण करते हुए कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से क्षेत्र का जायजा लिया। पुलिस ने पैदल भ्रमण करते हुए गुंडे बदमाशों को चेक किया। इसके साथ ही संदिग्ध क्षेत्र का भ्रमण करते हुए संदेहियों को फटकार लगाई।

इधर बस स्टैंड चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल के द्वारा जहां गत रात्रि क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण करते हुए गुंडे बदमाशों को चेक करने के साथ संदेहियों को फटकार लगाई गई, वहीं दिन के समय क्षेत्र में मौजूद बैंकों और व्यापारिक स्थलों के आसपास पहुंचकर वहां घूम रहे आवारा तत्वों से पूछताछ भी की गई। चौकी प्रभारी योगेश मिश्रा ने बताया कि होली एवं रमजान पर्व को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए सख्त निर्देश प्रदान किए गए हैं। जिसके तहत बस स्टैंड पुलिस लगातार चौकी क्षेत्र में रात्रि के समय पैदल गस्त करते हुए संवेदनशील इलाकों पर निगाह रख रही है। इसी क्रम में चौकी क्षेत्र के संवेदनशील इलाके नदीपार, केलवारा रोड, केलवारा फाटक सहित अन्य घनी बस्तियों में पैदल मार्च की जा रही है। चौकी क्षेत्र में मौजूद होटलों एवं लाज की जांच करते हुए बड़े व्यापारिक केंद्रों और बैंकों पर भी नजर रखी जा रही है। ऐसे क्षेत्रों में संदिग्ध अवस्था में घूमते पाए जा रहे लोगों से पूछताछ करते हुए उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जा रही है।

स्लीमनाबाद पुलिस ने बाजार क्षेत्र के अलावा अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल भ्रमण करते हुए क्षेत्र के निगरानी गुंडा बदमाशों को चेक किया इसके साथ ही संवेदनशील इलाकों का भ्रमण करते हुए कानून व्यवस्था का जायजा लिया। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि होली एवं रमजान पर्व को देखते हुए पुलिस कप्तान द्वारा थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। एसडीओपी प्रभात शुक्ला के मार्गदर्शन में थाने की टीम को साथ लेकर थाना क्षेत्र में पैदल भ्रमण किया गया। थाना प्रभारी श्री दहिया ने कहा कि पर्व के दौरान क्षेत्र की शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाए जाएंगे।

---

### महापौर ने किया लोकार्पण, लोगों को मिली बड़ी सौगात

## सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण 46 लाख के कार्यों का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत नेहरू वार्ड के नागरिकों को नव निर्मित सामुदायिक भवन की बड़ी सौगात दी गई जो कि लगभग 34 लाख की लागत से बनकर तैयार हुआ, जिसका लोकार्पण महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक, जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, स्थानीय पार्षद शशिकांत तिवारी व एमआईसी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में हुआ।

साथ ही महापौर सूरी व स्थानीय पार्षद शशिकांत तिवारी के सार्थक प्रयासों से लगभग 46 लाख की लागत से दो बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन वार्ड के वरिष्ठ नागरिक आचार्य भट्टाचार्य, सुजीत जैन से कराकर एक और विकास कार्य की भेंट वार्ड वासियों को मिली है। इस ख़ास अवसर पर वार्ड के नागरिकों द्वारा सभी जनप्रतिनिधों का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर विकास कार्यों हेतु आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर महापौर सूरी ने सभी वार्ड के नागरिकों को विकास कार्यों हेतु बधाई देते हुए कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी निरंतर अपने सफल प्रयासों से नगर के विभिन्न क्षेत्रो में विकास हो रहे है जिसके लिए मैं हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं हमारे क्षेत्रीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा को धन्यवाद देती हूँ जिनके कुशल कार्यप्रणाली मार्गदर्शन से हमारा प्रदेश विकसित देश के लिए निरंतर अग्रसर है और निश्चित ही हम जल्द ही अपने विकसित भारत के सपने को साकार होते देखेंगे।

इस दौरान महामंत्री सुनील उपाध्याय, एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, बीना बनर्जी, सुभाष साहू, जयनारायण निषाद, गोविंद चावला, पूर्व के.डी.ए अध्यक्ष पीतांबर तोपनानी, अक्षय श्रीवास्तव, सीमा जैन सोवानी, कैलाश जैन अन्य जनप्रतिनिधियों सहित पिंटू जैन, विजय गुप्ता, जयभाव महोबिया, राजकुमार मिश्रा, रानी देवी, प्रीति दीक्षित वार्ड वासियों की उपस्थिति रही।

---

### होली पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक




माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत द्वारा अगामी त्यौहार होली रमजान के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक शामिल हुए और त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपील की गई। प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने संबोधन में कहा कि त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव कदम उठाए जाएंगे ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए जा सकें। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी अपने सुझाव दिए और कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर त्यौहार के दौरान शांति और सौहार्द का माहौल बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे त्यौहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि पुलिस समय पर कार्रवाई कर सके।

---

## संपत्ति एवं जलकर के अधिभार में मिलेगी 100 प्रतिशत तक रियायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मप्र शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार दिनांक 8 मार्च 2025 शनिवार को नगर निगम सीमांतर्गत क्रमशः नगर निगम कटनी कार्यालय के अलावा बस स्टैंड पुलिस चौकी के पास ,दुर्गा चौक खिरहनी,सुभाष चौक, माधव नगर उप कार्यालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विगत वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार संपत्ति कर एवं जलकर की बकाया राशि में अधिरोपित अधिभार / सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जावेगी। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी कर समस्त अधिकारी कर्मचारी को 8 मार्च 2025 शनिवार को प्रातः 10 बजे उपस्थित रहकर वसूली कर अधिक से अधिक करदाताओं को अधिभार में छूट का लाभ प्रदान करते हुए कार्यवाही करने एवम् राजस्व विभाग से संबंधित समस्या एवं कठिनाई आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक एवं जलकर से संबंधित समस्या के निराकरण के लिए सागर नायक सहा.राजस्व अधिकारी से संपर्क कर तत्काल यथा समय समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए है,साथ ही लोक अदालत के आयोजन हेतु आयोजन स्थलों पर पूर्व अनुसार सभी व्यवस्था किए जाने हेतु अधिकारी कर्मचारियों को समय सीमा पर उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया है।

महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त करदाताओं से इस अवसर का लाभ उठाते हुए बकाया संपत्ति,जलकर जमा कर आगामी दिनों में नगर निगम द्वारा की जाने वाली अप्रिय कार्यवाही से बचने एवं बकाया राशि जमा कर छूट का लाभ प्राप्त कर नगर विकास में सहभागी की अपील की है।

---

### बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपित को कोर्ट में किया पेश

## 52 हजार रूपए कीमती गांजा एवं मोटर साइकिल की गई जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बड़वारा पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक युवक को गांजा तस्करी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 52000 का गांजा और एक बाइक भी जप्त की गई है। थाना प्रभारी किशोर कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के व्दारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। निर्देश के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं डीएसपी हेडक्वाटर उमराव सिंह के मार्गदर्शन में बड़वारा पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो के विरूद्ध मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था। वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्र का लगातार भ्रमण कराया जा रहा था।

गुरूवार को सउनि. रघुवीर सिंह हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान बड़वारा लखाखेरा रेलवे स्टेशन के पास एक व्यक्ति जिसका नाम जरेश सिंह पारधी पिता एवरेडी सिंह पारधी 26 साल निवासी ग्राम दड़ौरी को संदेह जनक स्थिति में पकड़ा गया। जांच के दौरान उसके पास से 4.318 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमती करीबन 52 हजार रूपये आंकी गई। साथ ही मोटरसायकल क्र. एमपी 21 एमआर 1797 भी जब्त की गई। आरोपित के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। गिरफ्तारशुदा आरोपी जरेश सिंह पारधी को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. किशोर कुमार द्विवेदी, सउनि रघुवीर सिंह, सउनि विक्रम सिंह, प्रआर. पवनराज, प्र.आर. के. के. शुक्ला, आर. शिवप्रकाश तिवारी, आर. बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही।

---

### न्याय निर्णायक अधिकारी ने की कार्यवाही

## अवमानक दूध, दही का विक्रय करने पर 30 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले मे मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने, लाइसेंस व पंजीयन निलंबित करने सहित दांडिक कार्यवाही जारी है।

न्याय निर्णायक अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी श्रीमती साधना कमलकांत परस्ते ने अमानक, खाद्य पदार्थ भैंस का दूध, दही और पनीर का विक्रय करने पर फर्म दूध डब्बा झिंझरी के संचालक लेखराज चौधरी पिता मोहनलाल चौधरी निवासी बरगवां वंशस्वरूप वार्ड, कटनी पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी द्वारा विगत 26 अप्रैल 2023 को झिंझरी स्थित दूध डेयरी की दुकान दूध डब्बा के संचालक की उपस्थिति में निरीक्षण के दौरान मौके पर दूध, दही एवं पनीर वगैरह का संग्रह कर विक्रय करते हुए पाया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त व्यवसाय का एफ. एस.एस.ए.आई के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन पाया गया। इस दौरान प्रतिष्ठान संचालक प्रकाश सलूजा पिता स्वर्गीय राज सिंह सलूजा द्वारा बताया गया कि दुकान का सालाना टर्नओवर 12 लाख रुपये से कम है। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु संग्रहित दूध, दही एवं पनीर में मिलावट की आशंका होने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए गवाहों की उपस्थिति में पंचनामा तैयार किया जाकर दूध, दही एवं पनीर के नमूने लिये जाकर जांच हेतु सीलबंद लिफाफा भेजा गया।

कार्यालय अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा उक्त नमूने की परीक्षण रिपोर्ट 26 सितंबर 2023 को प्रेषित कर उक्त दूध, पनीर एवं दही के नमूने अवमानक होने की सूचना दी गई। रिपोर्ट प्राप्ति के पश्चात विक्रेता को दही के नमूने की जांच रिपोर्ट की प्रति सहित नमूने के द्वितीय भाग को पुनः परीक्षण कराये जाने बाबत डाक पत्र से सूचित किया गया। किंतु विक्रेता द्वारा इस संबंध मे कोई आवेदन कार्यालय में प्रस्तुत नहीं किये जाने पर विक्रेता के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 नियम 2011 के अंतर्गत संबंधित न्यायालय मे विधिवत मुकदमा चलाये जाने हेतु प्रकरण प्रकरण की नकल एवं मूल दस्तावेज अग्रिम कार्यवाही हेतु कार्यालय अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा प्रशासन कटनी को प्रस्तुत कर अभियोजन की स्वीकृति हेतु माननीय न्यायालय में सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया गया।

अनावेदक द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन को प्राप्त करने के पश्चात भी अपना कोई जवाब नहीं दिया तथा लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अपने पक्ष में कोई भी कोई भी जवाब प्रस्तुत नहीं कर सका। जिससे विक्रेता के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक और मानक अधिनियम 2006 की धाराओं का उल्लंघन पाए जाने तथा लोक स्वास्थ्य हित में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जुर्माने से दंडित होने के कारण मानक अधिनियम 2006 की धारा 51 के प्रावधानों उल्लंघन करने तथा दंड का भागी पाये जाने पर न्याय निर्णायक अधिकारी शसाधना परस्ते द्वारा अनावेदक दूध डिब्बा फर्म के संचालक लेखराज चौधरी को 30 हजार रुपये के आर्थिक दंड से दंडित किया गया है।

उपरोक्त अर्थदंड की राशि निर्धारित ट्रेजरी चालान के माध्यम से तीस दिवस के भीतर जमा कर चालान की प्रति अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी न्यायालय मे प्रस्तुत करनी होगी।

---

### योजना का लाभ लेने फार्मर आईडी अनिवार्य

**कटनी**। सरकार कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के एगोस्टैक योजना अंतर्गत प्राप्त निर्देश अनुसार प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बनाये जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गए हैं। प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी भारत सरकार द्वारा जनरेट कर प्रदान की जा रही है। यह किसानों को सरकारी सेवाओं का लाभ देने हेतु भारत सरकार की एक नई पहल है, इससे किसानों को वर्तमान में कृषकों को आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जा सकेगा। इसके साथ ही मार्च 2025 के उपरांत पीएम किसान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु फार्मर आईडी अनिवार्य होगा। वर्तमान में जिले में अभी तक कुल 1.23 लाख फार्मर आई.डी का पंजीकरण सफलतापूर्वक कराया जा चुका है। कलेक्टर नें जिले के समस्त पीएम किसान योजना लाभार्थी किसानों से यह अपील की है कि अपने क्षेत्र के पटवारी, ग्रामों में आयोजित हो रहे शिविरों में पहुंचकर अपनी फार्मर आईडी बनवायें।

---

## मंडी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

### टीबी से बचाव की दी गई जानकारी, शपथ दिला किया जागरूक

लघु उद्योग भारती शहरी एवं मंडी इकाई के द्वारा विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृषि उपज मंडी प्रांगण में लगाया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक कृषक कर्मचारीयो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया एवं लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री के आवाहन पर जिला चिकित्सालय एवं कृषि उपज मंडी समिति के सहयोग से चलाए जा रहे टीवी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला चिकित्सालय के डॉ. शैलेंद्र दीवान ने टीवी वायरस से होने वाली हानियो के बारे में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कृषक कर्मचारी बंधुओ को जानकारी दी। साथ साथ टीवी उन्मूलन कार्यक्रम एवं टीवी के बचाव के लिए सभी को जागरूक करने हेतु सभी को शपथ दिलाई।

टीवी उन्मूलन कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारतीय प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।कार्यक्रम के प्रभारी नितिन जैन, कृषि उपज मंडी सचिव के.के. नौगरिया, लघु उद्योग भारती संभागीय सचिव हरि सिंह भदौरिया, संभागीय सह-सचिव मुरलीधर रतनानी, अमित सिंघई, निलेश विश्वकर्मा, अवध प्यासी भारती किसान संघ(भाजपा), विनोद त्रिपाठी, सुभाष गौतम तोलक संघ अध्यक्ष के साथ मंडी प्रांगण के अन्य अधिकारी एवं उद्यमी, कृषक कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

खबर संक्षेप

## नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**दमोह।** हटा ब्लाक के मड़ियादो मण्डल में किसानों की फार्मर आई डी और अन्य कार्यो के लिए राजस्व अमले द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार के नेतृत्व मे राजस्व अमले ने आज मड़ियादो, अमझिर, नारायणपुरा, रजपुरा आदि गांवों में लोगो के घर-घर पँहुचकर फार्मर आई.डी., ई-के.वाय.सी. और अन्य राजस्व कार्य पूर्ण किये। नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बताया की शासन की मंशानुरूप कलेक्टर श्री सुधीर कोचर के सतत निर्देशन और अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में लगातार निरीक्षण कर किसानों के सभी कार्य होना सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि शासकीय योजनाओं का लाभ किसानों को मिल सके। राजस्व अमला पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है।

## 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ग्राम भदौली-कटनी स्टेट हाइवे में हुई सड़क दुर्घटना में देवकरन काछी की मृत्यु होने पर मृत के वारिसान साकिन रमेश पटेल निवासी ग्राम भदौली तहसील दमोह को 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

**दमोह।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनंद कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में 08 मार्च 2025 दिन शनिवार को जिला मुख्यालय दमोह, तहसील हटा, पथरिया एवं तेंदूखेड़ा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों का आपसी सहमति एवं राजीनामा के आधार पर निराकरण किया जायेगा। साथ ही नेशनल लोक अदालत के माध्यम से बैंक ऋण वसूली, बी.एस.एन.एल., विद्युत की बकाया वसूली एवं नगर पालिका से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों का भी निराकरण किया जायेगा। सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला ने बताया कि उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है, जो पक्षकारों को सुलह, समझाईश से प्रकरण का निराकरण कराये जाने का प्रयास करेगी। उन्होंने बताया नेशनल लोक अदालत हेतु नगरीय विकास विभाग, विद्युत विभाग, बैंकों एवं बी.एस.एन.एल. द्वारा वसूली से संबंधित प्रि-लिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जा रही है, जो मात्र नेशनल लोक अदालत हेतु प्रदान की जायेगी।

# अनुमति मिलते ही टाइगर रिजर्व के तीन भेड़ियों को पहनाएंगे रेडियो कॉलर

**प्रोजेक्ट पर चल रहा काम मानव आबादी पर हमले जैसी घटनाओं को नियंत्रित करने मिलेगी मदद, भेड़ियों का एकमात्र प्राकृतिक आवास टाइगर रिजर्व**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तीन जिले की सीमा में फैले हुए 20 से अधिक बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में जहां बाघों का कुनबा बढ़ रहा है तो यहां पर भेड़ियों के प्राकृतिक आवास भी है जिस कारण यहां पर स्टेट फारेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएसआरआइ) द्वारा भेडियों पर एक अध्ययन किया जा रहा है। इस अध्ययन के तहत तीन भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाए जाना है जिसकी अनुमति टाइगर रिजर्व द्वारा नेशनल टाइगर कंजर्वेशन ऑथोटी (एनटीसीए) से मांगी है अनुमति मिलते ही तीन भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाया जाएगा दरअसल वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ने के पहले इसके अभयारण्य रहते यह भेड़ियों के प्राकृतिक आवास के रूप में जाना जाता था। यहां पर भेडियों के कई प्राकृतिक आवास होने के कारण ही इसे 1975 में अभयारण्य का दर्जा दिया गया था। प्रदेश को वुल्फ स्टेट का दर्जा दिलाने में नौरादेही का विशेष योगदान है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भेडिए होने के कारण एफएसआरआई को वुल्फ के अध्ययन के लिए दो वर्ष के लिए योजना स्वीकृत की गई थी जिसके अंतर्गत तीन वुल्फ को रेडियो कॉलर पहनाकर मॉनीटरिंग की जाना है। जिसकी अनुमति एनटीसीए से मांगी है। अनुमति मिलते ही यहां के तीन भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाया जाएगा और शोधकर्ता वैज्ञानिक भेडियों के व्यवहार, हंटिंग, आवास, आदि का अध्ययन करेंगे। रिसर्च का उद्देश्य बाघ और तेंदुए जैसे जानवरों के बीच भेड़ियों का जीवन, उनका पसंदीदा खान पान, रहवास और उनकी दिनचर्या के बारे में जानना तथा यह भी जानना है कि बाघों के टाइगर रिजर्व में आने के बाद भेड़ियों के रहन-सहन, जीवन, खान पान पर क्या असर हुआ है।

### एक नजर इधर भी

- भेडिया देश में - 3000
- सर्वाधिक प्रदेश में - 2000
- नौरादेही अभ्यारण्य में 1000 से अधिक
- 13 साल का इनका जीवन
- 50 गांवों में हो रहा सर्वे

### टाइगर रिजर्व में सबसे ज्यादा भेड़िया

वहीं टाइगर रिजर्व कार्यालय के अनुसार मप्र को टाइगर स्टेट दर्जा तो प्राप्त है ही इसके साथ ही भेड़ियों की संख्या में भी मप्र देश में पहले पायदान पर है और अच्छी बात यह है कि प्रदेश के वन्य अभयारण्य और टाइगर रिजर्व में इन भारतीय भेड़ियों की सबसे ज्यादा संख्या वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में है। विभाग इनकी गणना तो नहीं कराता है, लेकिन एक अनुमान के तौर पर अकेले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ही इनकी संख्या एक हजार से ज्यादा होगी।स्टेट फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट ने भारतीय भेड़ियों पर शोध करने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा था चूंकि भेड़ियों की संख्या सबसे ज्यादा टाइगर रिजर्व में थी इसलिए शोध के लिए इसे चुना गया। टाइगर रिजर्व उप संचालक कार्यालय के अनुसार इस शोध को शुरू हुए एक साल से अधिक समय हो चुके हैं इसमें वैज्ञानिक भारतीय भेड़ियों के गतिविधियों के साथ उनके प्राकृतिक आवास, शिकार, रहन-सहन, व्यवहार, भोजन और प्रजनन संबंधी जानकारी सहित उनकी हर गतिविधि पर अध्ययन कर रहे है

### वन्यजीवों का सफाई कर्मी

खाद्य श्रृंखला के मांसाहारी जीवों में भेडिया दूसरे पायदान पर है, जो छोटे जानवरों का शिकार करता है। भेडिया को वन्य प्राणी समुदाय में एक सफाईकर्मी की भूमिका के रूप में भी देखा जाता है। जिस तरह शेर, बाघ, तेंदुआ और बिल्ली कैट फैमिली कहलाती है उसी तरह भेडिया वन्यजीवों की कैनिडाए फैमिली में शामिल है। इसमें भेडिया के अलावा सियार, लोमड़ी और जंगली कुत्ता आते हैं। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में कैनिडाए फैमिली के चारों सदस्य पाए जाते हैं।

### वुल्फ स्टेट के तौर पर जाना जाता है प्रदेश

मप्र की पहचान टाइगर स्टेट के रूप में तो है ही इसके अलावा प्रदेश को वुल्फ स्टेट के तौर पर भी जाना जाता है। क्योंकि देश में सबसे ज्यादा वुल्फ मप्र के नौरादेही अभयारण्य में पाए जाते हैं। इसके अलावा राजस्थान और गुजरात में पाए जाते हैं लेकिन वहां इनकी संख्या कम है।

### यह होगा फायदा

- मानव आबादी में दखल का चलेगा पता
- आबादी की होगी पहचान
- आक्रामक व्यवहार को समझने में मिलेगी मदद
- जीवन के विभिन्न पहलुओं से उठेगा पर्दा

### इनका कहना है

टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी बताते है कि भेड़ियों के अध्ययन के लिए शोध परियोजना स्वीकृत की गई थी। दो वर्ष में होने वाले इस अध्ययन के तहत तीन भेड़ियों को रेडियो कॉलर पहनाकर मॉनीटरिंग की जानी है। तथा उनका व्यवहार दिनचर्या आवास का अध्ययन करने के लिए रेडियो कॉलर पहनाया जाना है। इससे टाइगर रिजर्व का मैनेजमेंट करने में हमें मदद मिलेगी।

## बगलवारा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन



**बनवार।** बगलवारा में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य आशीष कृष्ण महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कथा को केवल सुनने के लिए नहीं सुनना चाहिए, बल्कि उसे सुनकर मनन करते हुए अपने जीवन में आत्मसात भी करना होगा। आचार्य ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया, जिनमें मैया यशोदा को वैष्णवी माया दिखाना, यम्लार्जुन उद्धार, गोवर्धन लीला, चीरहरण और महारास लीला शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की सभी लीलाओं में अद्भुत ज्ञान के साथ समसामयिक विषयों पर मंथन भी है। आचार्य ने चीरहरण लीला का तात्पर्य समझाते हुए कहा कि इसका अर्थ है स्त्रियों और पुरुषों को अपने परिधान में मर्यादा का पालन करना। उन्होंने कहा कि आंचल के गिरने पर मर्यादा गिर जाती है और आचरण के गिर जाने पर सब कुछ गिर जाता है। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बस स्टैंड से हटाया अवैध अतिक्रमण

**नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा ने की कार्यवाही बस स्टैंड पर जल्द किया जाएगा सौंदरीकरण का कारण - सीईओ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



जिले जबेरा नगर स्थित बस स्टैंड पर जनपद पंचायत द्वारा मार्केट बनाया गया था जिसकी दुकानों की नीलामी भी पूर्ण हो चुकी थी परंतु बस स्टैंड पर बना हुआ पुराना जर्जर अवस्था में यात्री प्रतीक्षालय व उसके आसपास टप ब ठेला बालों द्वारा अवैध अतिक्रमण किया गया था जिसकी शिकायत लगातार बस स्टैंड व्यापारियों द्वारा एसडीएम तहसीलदार व मुख्य कार्यपालन अधिकारी से की जा रही थी। कुछ दिन पूर्व एसडीएम सौरभ गंधर्व व मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल से इसकी शिकायत की गई थी मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सौरव गंधर्व ने तहसीलदार सोनम पांडे को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया था जिस पर आज गुरुवार को नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा व जनपद सीईओ रामेश्वर पटेल, आरआई,पटवारी ब पुलिस स्टाफ के साथ बस स्टैंड पर पहुंचे ब जेसीबी की मदद से जर्जर अवस्था का पुराना राज्य परिवहन का यात्री प्रतीक्षालय व आसपास के टप,हाथ ठेला वालों को हटाते हुए अतिक्रमण मुक्त किया गया। इसके उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामेश्वर पटेल ने बताया कि यहां पर मार्केट का अच्छा मार्केट होगा व लोगों की मांग के आधार पर सौंदरीकरण का कार्य भी किया जाएगा।

अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही में आरआई अंगद सिंह कुशराम,पटवारी शिव कुमार राय,तरुण चौरसिया,मोहिनी अहिरवाल,शैलेंद्र सिंह, एएस आई अशोक सिंह,प्रधान आरक्षक संतोष खरे,रणमत सिंह,सहित पुलिस स्टाप ब कोटवार की मौजूदगी रही।

## वन समितियों और स्कूली छात्रों को सामग्री वितरित



**मडियादो।** हटा वनपरिक्षेत्र के आदिवासी अंचल करकोई गांव में गुरुवार को वन विभाग द्वारा काष्ठ लाभांश की राशि से ग्राम वन समितियों को सामग्री का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि हटा विधायक उमादेवी खटीक ने सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हटा वनपरिक्षेत्र की ग्राम वन समिति करकोई अंतर्गत करकोई और तालगांव के 50 स्कूली छात्र छात्राओं को हटा विधायक उमादेवी खटीक और जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल बैग प्रदान किये गए। इसके अलावा रजपुरा, सिलापरी और करकोई कि ग्राम वन समितियों को भोजन बनाने वाले वर्तन प्रदान किए गए। हटा विधायक उमादेवी खटीक ने बच्चों से संवाद कर शैक्षणिक जानकारी ली और उन्हें शिक्षा का ज्ञान देकर लगातार स्कूल आने और विद्या ग्रहण करने की अपील की साथ ही ग्रामीणों से भी अपील की बच्चो को स्कूल भेजें और शिक्षित बनाये। हटा विधायक ने ग्रामीणों से शासकीय योजनाओं के लाभ मिलने की भी बात पूछी। हटा अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम से फोन पर चर्चा कर करकोई में शिविर आयोजित करने की आवध्यकता बताई ताकि लोगो के आधार ,समग्र और अन्य कार्य हो सकें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमझिर की सरपंच रेवारानी आदिवासी, विधायक प्रतिनिधि राजा खान,प्रतिनिधि रामकृष्ण नामदेव,वन परिक्षेत्र अधिकारी हटा ऋषि तिवारी,सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जे पी दुबे, सी एल अहिरवार, हरीश तंतवाय,विपिन चौरसिया,बफाति खान,अरमान खान,कोमल सिह राजपूत,राममणि गर्ग,अजीम खान,सन्तोष खरे सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति रही।

# महाविद्यालय में हुआ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं तकनीकि परिषद्, भोपाल के आर्थिक सहयोग से दिनांक 25 फरवरी से आयोजित हो रहे राष्ट्रीय विज्ञान दिवस- 2025 का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम, माहविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता, डॉ अरुणेन्द्र कुमार पटेल के समन्वयन में आयोजित हुआ, मंच संचालन डॉ मनीषा कुमारिया ने किया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ एवं मुख्य अतिथि के रूप में संत अलायासिस महाविद्यालय (स्वशासी), जबलपुर से पधारे डॉ अखिलेश पाठक एवं श्री नितिन स्वामी और विशिष्ट अतिथि के रूप में एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी, डी.आर.डी.ओ., बैंगलोर से वैज्ञानिक- ई श्री कुशमेन्द्र पटेल वर्चुअल रूप से शामिल हुए। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की छायाचित्र के सम्मुख अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्वलन कर के किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथिगणों का स्वागत माहविद्यालय के प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर द्वारा स्मृतिचिन्ह भेट करके किया गया। जिसके उपरांत कार्यक्रम के समन्वयक डॉ अरुणेन्द्र कुमार पटेल द्वारा आयोजित किये गए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई, उनके द्वारा बताया गया कि, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन दिनांक 25 फरवरी से किया गया, जिसमें विभिन्न दिवसों में पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता, औषधीय पौधों की प्रदर्शनी एवं रंगोली प्रतियोगिता शामिल थी। विज्ञान संकाय के लगभग सभी विद्यार्थिओं द्वारा किसी ना किसी विधा में सहभागिता की गई। उसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने सर सी. वी. रमन के द्वारा विज्ञानं के क्षेत्र में दिए गए योगदान को याद किया गया। विषय विशेषज्ञ व्याख्यान के प्रथम सत्र में डॉ अखिलेश पाठक ने विकसित भारत के बारे में जानकारी दी एवं विकसित भारत के लिए आत्मबोध क महत्व बताया। द्वितीय व्याख्यान में वैज्ञानिक श्री कुशमेंद्र पटेल द्वारा विज्ञान दिवस के महवत्व को बताते हुए, विकसित भारत की दिशा में डी आर डी ओ द्वारा किया जा रहे प्रयासों एवं उपलब्धियों के जानकरी दी गई। तृतीय व्याख्यान में श्री नितिन स्वामी द्वारा वैज्ञानिक उत्कृष्ठता में भारत की यात्रा विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, उन्होंने बताया भारतीय संस्कृति आदिकाल से ही वैज्ञानिक परंपरा को अपने में समाये हुए है । उन्होंने आगे वैदिक एवं प्राचीन काल में विभिन्न उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान की । साथ ही विद्यार्थिओं में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने पर जोर दिया। एवं अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने वाले शोधार्थियों जैसे चरक, ब्रम्हगुप्त,सुश्रत, आर्यभट में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंतिम पड़ाव में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसके उपरांत अंत में श्रीमती रिचा लोधी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुरेश डोडवे, मेघ सिंह वर्मा, डॉ रश्मि मिश्रा, डॉ नंदकिशोर निकोसे, परवेंद्र चक्रवर्ती, हरिशंकर चक्रवर्ती, श्रीमति रूबी दुबे, भगीरथ अहिरवार, आकाश गौंड, हुकम प्रसाद अहिरवार, मनीष बेन का योगदान रहा। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार एवं भारी मात्रा में छात्राओं की उपस्थिति रही।

## एसडीएम और तहसीलदार ने राजस्व अभियान का जायजा लिया



**दमोह।** अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम और हटा तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी ने हटा तहसील के हिनौता, रनेह, पिपरिया किरन आदि गांवों पहुंचकर राजस्व अभियान का जायजा लिया, अधिकारियों ने यहां अमले से किसानों की फार्मर आई.डी. ई.-के.वाय.सी. आदि कार्यो की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए और सुनिश्चित किया कि किसानों का कार्य समय सीमा में पूर्ण हो ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ समय से मिलता रहे।

## उच्च रक्तचाप साइलेंट किलर

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया उच्च रक्तचाप भारत में हार्ट अटैक का प्रमुख कारण है। अनियंत्रित जीवनशैली एवं खानपान 30+ आयुवर्ग में स्वास्थ्य के लिए प्रमुख चुनौती है। सामान्यतः शुरूआती अवस्था में रक्तचाप के बढे होने के लक्षण दिखाई नहीं देते है। इसलिए इसे साइलेंट किलर भी कहा जाता है। ब्लड प्रेशर बढे रहने पर शरीर की समस्त धमनियों पर बुरा असर पड़ता है। दिल को रक्त पम्प करने के लिए अधिक जोर लगाना पड़ता है। दिल की ताकत घट जाती है। दिल का दौरा, ब्रेन हेमरेज, किडनी फेल्योर जैसी गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से बचने के लिए हर छः माह में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज की जांच कराना जरूरी है। ताकि प्रारंभिक अवस्था में उनकी पहचान कर समय पर ईलाज सुनिश्चित किया जा सके। सीएमएचओ डॉ. जैन ने 30+ आयुवर्ग के समस्त लोगों से आग्रह करते हुये कहा है कि निरोगी काया अभियान के तहत अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में पहुंचकर निःशुल्क ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य करायें। उच्च रक्तचाप क्या है, इसे नियंत्रित रखने के संबंध में सीएमएचओ डॉ. जैन ने एडवाईजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया किसी व्यक्ति का रक्तचाप अगर सिस्टोलिक 140 एमएम/एचजी व डायस्टोलिक 90 एमएम/एचजी से अधिक हो तो यह उच्च रक्तचाप हो सकता है। सामन्यतः सिरदर्द, चक्कर आना, छाती में तकलीफ या दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किये चिकित्सक से संपर्क करना स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा होता है। ब्लड प्रेशर की जांच कराने से पता चल जाता है कि ब्लड प्रेशर कहीं किसी दूसरे रोग के कारण तो नहीं बढ़ा, उसके बढे होने से शरीर के किस अंग को कितनी हानि पहुंची है। जीवनशैली में क्या-क्या सुधार जरूरी है।

### उच्च रक्त चाप को कैसे नियंत्रित रखें

सीएमएचओ डॉ. जैन ने बताया तंबाकू, शराब तथा ज्यादा तेल वाले खाने से बचें। अधिक मात्रा में नमक का सेवन न करें। दिनचर्या में नियमित व्यायाम को शामिल करें। यथासंभव तनाव से बचें। पूरी नींद लें। सही समय पर भोजन लें।

**ऑफिस खुलने का समय सुबह 10 बजे लेकिन 11:30 बजे तक भी नहीं पहुंचते हैं कर्मचारी**

# शासन के आदेश का जनपद हटा के कर्मचारी नहीं कर रहे पालन



**हटा।** सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी जिन कंधो पर है, वह कर्मचारी निर्धारित समय पर दफ्तरों में नहीं पहुंचते हैं, उनके इंतजार में आमजन परेशान रहता है, इसका एक उदाहरण जनपद पंचायत कार्यालय हटा में ही गुरुवार को देखने मिला, जब दफ्तर खुलने के समय पर कार्यालय में 11 बजे के बाद तक कार्यालय में कुछ कर्मचारी नजर आये वही कुछ कर्मचारी 11:30 बजे तक कार्यालय में नहीं पहुंचे थे। भले ही अधिकारी समय से कार्यालय में पहुंच रहे हैं, पर कर्मचारी है, जो समय का ध्यान ही नहीं रख रहे हैं। नतीजन इस दफ्तर में काम के लिए आने वाले लोग कर्मचारियों का इंतजार करते रहते हैं। उल्लेखनीय है कि शासकीय कार्यालयों में कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचते हैं, जब यह हालात तहसील मुख्यालयों के आफिस के है तो ग्रामीण क्षेत्रों में क्या स्थिति होगी। इसका अनुमान लगाया जा सकता है। गुरुवार को जनपद कार्यालय की स्थिति का जब पत्रकारों की टीम ने जायजा लिया तो पाया कि जनपद में 11:25 बजे तक आदित्य अग्रवाल, अनिल गौतम, मनोज अहिरवार की टेबल कुर्सियां सूनी पड़ी हुई थी, वही कार्यालय में एक दो कर्मचारी मौजूद थे। जबकि कार्यालयों के खुलने का समय 10 बजे निर्धारित है। कर्मचारियों के समय पर न पहुंचने के कारण से काम तो प्रभावित होता ही पर आमजन भी परेशान होते हैं।

जबकि दूर दराज के क्षेत्रों से इन कार्यालयों में अपने काम के लिए आने वाले आवेदक कर्मचारियों के आने का इंतजार कर रहे थे। समय पर कर्मचारियों के नहीं पहुंचने के कारण इन आवेदकों को दफ्तर के बार बार चक्कर काटने के लिए विवश होना पड़ता है। हालात यह है कि कर्मचारी अपनी मनमर्जी के समय से कार्यालयों में पहुंच रहे हैं। आला अफसरों के निरीक्षण के बाद भी शासकीय कार्यालयों का ढर्रा सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। इस संबंध में जब प्रभारी सीईओ से संपर्क करना चाहा तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## ईको क्लब ने किया प्रदर्शनी का आयोजन



**दमोह।** स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ईको क्लब के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि एवं ज्यूरी मेंबर डॉ. रश्मि जैन (रिटायर्ड प्रोफेसर, रसायन शास्त्र) एवं डॉ.शमा जेपी खानम (प्राचार्य, ओजस्विनी उत्कृष्टता महाविद्यालय) थी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य "पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाना" था। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ पीके जैन के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुए। कार्यक्रम में चलित एवं अचलित विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी, डीईएफ कक्ष में लगाया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीरा माधुरी महंत ने ईको क्लब के उद्देश्य को पढ़ा एवम् शपथ कराया, विशिष्ट अथिति डॉ. जैन द्वारा पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन हेतु छात्र छात्राओं को अपना वक्तव्य दिए गए। चलित मॉडल के परिणाम में अंकित मुंडा प्रथम, देवी पटेल द्वितीय, मानवी मिश्रा तृतीय तथा नॉनवर्किंग मॉडल में राजकुमारी लोधी प्रथम, दीक्षा अहिरवार द्वितीय, रुचि विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. उषा सोनी, डॉ. संध्या पिंपलापुरे, डॉ.निहारिका चौरसिया, डॉ एन आर सुमन,डॉ. मंगल सिंह, धीरज जॉनसन, दुर्गा अहिरवार, रामगोपाल तंतुवाय, डॉ सिकंदर दुलगच, आर एस साकेत, डॉ मुनमुन सेन,आशा अहिरवार, प्रह्लाद सिंह ठाकुर, जागेश्वर रजक, घसीटा रैकवार सहित छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एन पी कुमार तथा आभार डॉ. ऋषिभा दीक्षित द्वारा किया गया।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार हादसे का शिकार जबलपुर रेफर

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की शाम 7 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे 15 पर नाग बाबा के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर घूम रहे मवेशियों से टकराकर घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार इमरत पिता सुन्दर चक्रवर्ती उम्र 45 निवासी मूगदपुरा थाना तेंदूखेड़ा प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### बर्ड फ्लू की बीमारी से बचाव के उपाय विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर उप-संचालक पशु पालन एवं डेयरी विभाग डॉ. संजय पांडे ने मुर्गे-मुर्गियों (पक्षियों) में होने वाली बर्ड फ्लू की बीमारी से बचाव की एडवाईजरी जारी करते हुये कहा कि पक्षियों के बाड़े को साफ-सुथरा रखें, उन्हें बाड़े में बंद रखें, उनका भोजन और पानी रोजाना बदलें, मुर्गे-मुर्गियों को दूसरे पक्षियों से ना मिलने दें, नए पक्षी को कम से कम 30 दिन तक स्वस्थ्य पक्षियों से दूर रखें, पोल्ट्रीफार्म की देखभाल करने वालों को ही पक्षियों के पास जाने दें, बीमारी को फैलने से रोकने या बचाव के लिए पोल्ट्री के संपर्क में आने से पहले और बाद में अपने हाथ, कपड़ों और जूतों को धोएं तथा संक्रमण मुक्त करना सुनिश्चित किया जाये। इन सावधानी से बर्ड फ्लू के खतरे को कम किया जा सकता है, सभी पोल्ट्री व्यवसायी सुरक्षा नियमों का सख्ती से करें पालन ।

### बहू ने सास को दिया ब्लॅड

**दमोह।** जिला चिकित्सालय में पदस्थ नेत्र विशेषज्ञ डॉंक्टर सुधा राय ने अपनी सास मालती राय को को ब्लॅड दिया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. राकेश राय ने आमजन से आग्रह करते हुए कहा जरूरत मंद को ब्लॅड अवश्य दे, आपका छोटा सा योगदान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता हैं। उन्होंने कहा मरीज के परिजन ब्लॅड डोनेट करने जरूर आगे आयें। डॉं राय ने कहा ब्लॅड दान करने से कोई परेशानी नहीं होती हैं।

### परीक्षा केन्द्र सिंगपुर के लिये पटवारी सोनेलाल गौंड कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त

**दमोह ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हाई स्कूल/हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि के आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस थाना जबेरा अंतर्गत परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगपुर के लिये पटवारी तहसील जबेरा सोनेलाल गौंड को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। पूर्व में पटवारी तहसील जबेरा कमलेश जैन को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया गया था।

तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के सहजपुर इमलीडोल मार्ग पर स्थित चमक भटरिया की घाट पर हुआ हादसा, पुलिस कर रही जांच

# घाट की उतार पर अनियंत्रित होकर पलटा 407 वाहनः एक की मौत, तीन जबलपुर रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

बुधवार की रात 10 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सहजपुर इमलीडोल मार्ग पर स्थित चमक भटरिया की घाट पर एक 407 वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया जहां इस हादसे में एक युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं जहां 108 की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से तीन लोगों को गंभीर हालत में जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं घटना की जानकारी के बाद घटनास्थल और स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचे बताया गया है कि घायल हुए लोग बारात करके वापस लौट रहे थे लेकिन रास्ते में थे ड्राइवर की लापरवाही के चलते हादसा हो गया वहीं घटना के एक से डेढ़ घंटे बीतने के बाद स्वास्थ्य केंद्र पहुंची थी।

#### बारात से वापस लौट रहे थे लोग

इस हादसे में तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के रोसरा महगुवा ग्राम के आदिवासी समाज के लोग थे जो 407 वाहन से सुबह इमलीडोल ग्राम के बारह गांव बारात लेकर गए हुए थे लेकिन



वापस आते समय तेन्दूखेड़ा मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर सहजपुर इमलीडोल मार्ग पर स्थित चमक भटरिया की घाट की उतार पर क्रासिंग के दौरान हादसा हो गया है। जहां घटना की जानकारी मिलते ही 108 वाहन के पायल नेपाल सिंह और डॉ बसंत चक्रवर्ती मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल हुए लोगों ने बताया कि वह शादी समारोह से वापस अपने घर आ रहे थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया हादसे में घायल और मृतक लोग अलग-अलग समाज के है।

वहीं इस हादसे में आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं और एक युवक की मौत हो गई है जिनमें देवी सींग पिता धुरे गौड़ उम्र 70 वर्ष ग्राम महगुवा कलन बाई पति छुट्टन गौड़ उम्र 50 ग्राम महगुवा सुरेश सत्यम पिता रामलाल गौड़ उम्र 9 वर्ष ग्राम महगुवा को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं शेरु पिता सुंदर लाल बसोर उम्र 45 वर्ष प्रदीप पिता रम्मू बसोर उम्र 30 वर्ष बड्डु पिता भूल्ले सींग गौड़ उम्र 30 इस हादसे में घायल हुए हैं जिनका इलाज तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में चल रही है। वहीं सुरेश पिता शंकर सेन उम्र 30 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है वहीं स्वास्थ्य केंद्र में आए घायलों ने बताया कि अन्य लोग भी घायल हुए हैं। जिन्हें मामूली चोटे आई थी लेकिन वह इलाज ना कराकर घटनास्थल से ही घर निकल गए इस हादसे में तीन लोगों को जबलपुर रेफर किया गया है जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

वहीं हादसे के 12 घंटे भी नहीं बीते थे कि 407 वाहन घटनास्थल से रात में ही गायब हो गया है। जहां पर हादसा हुआ था वहां पर शादी में मिली सामग्री घटनास्थल पर टूटी-फूटी अवस्था में पड़ी हुई है। लेकिन सुबह वाहन घटनास्थल पर नहीं था जिसके चलते लोगों का कहना है कि वाहन को मालिक द्वारा रात में ही उठवाकर सुरक्षित रखवा दिया गया है। वहीं लोगों का कहना है रात में भी घटनास्थल पर पुलिस नहीं पहुंची थी ना ही सुबह जिसके कारण अभी भी लाखों रुपए की शादी में मिलने वाली सामग्री घटनास्थल पर पड़ी हुई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही।

## तेज रफ्तार कार के ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकराईं, एक की मौत, 3 घायल

**पथरिया।** पथरिया-दमोह मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम बेरखेड़ी के पास एक तेज रफ्तार अल्टो कार पेड़ से टकराई, कार में 5 लोग सवार थे जो ग्राम कुम्हारी तहसील पटेरा के निवासी हैं जिसमें एक किशोर छोटू यादव बाल बच गया वहीं लखन यादव की मौके पर मौत हो गई वाकि 3 लोग देवराज राजपूत उम्र 25, देवेन्द्र साहू उम्र 25,शिवा चौहान 20 वर्ष घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल रिफर किया गया। जहां देवराज व देवेन्द्र की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रिफर किया गया है। किशोर छोटू यादव ने बताया कि हम सभी बारात में कुम्हारी से दलपतपुर जा रहें थे कि अचानक ब्रेक फेल हो जाने से ऐसा हो गया। पुलिस ने मृतक लखन यादव का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा।



### हारर्वेस्टर ने बाईक सवार को कुचला

**दमोह।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र चौकी केरबना अंतर्गत सेहरा खड़ेरी तहसील बटियागढ़ मार्ग पर हारर्वेस्टर ने केरबना निवासी बाईक सवार इमरत सिंह लोधी को कुचल दिया जिसकी मौके पर मौत हो गई।

## कुकर्म करने वालों को न गंगा न गया में कहीं मुक्ति नहीं- जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी

**हटा।** नगर के नायक तिगड्डा श्री कौशलाधीश मंदिर के सामने आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वितीय दिवस में कथा वाचक श्रीमद् जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य जी महाराज पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध हनुमान पीठ रनेह बालों ने कहां कि सदा अर्थ और काम में रुचि रखने वाला व्यक्ति ही धुंधकारी है धुंधकारी जाति से ब्राह्मण था लेकिन उसके कर्म निशाचारों जैसे थे शराब पीना मांसाहार करना मंत्र से हीन क्रिया से हीन स्वरूप से हीन वह 24 घंटे दूसरों का धन दूसरों की स्त्री में आसक्त रहता था इसीलिए उसने कुकर्म से अपनी मां को मार दिया पांच-पांच स्त्रियों को घर में रख लिया चोरी करने लगा डॉ का डालने लगा यह स्थिति देखकर उन स्त्रियों ने धुंधकारी के मुख में आग़ के गोले भर भर के उसे मार डाला मरने के बाद वह अधोगति को प्राप्त हुआ और प्रेत योनि में पहुंच गया गोकर्ण जी महाराज ने जब उस प्रेत से पूछा कि तेरी मुक्ति क्यों नहीं हुई तो उसने कहा कि मैं अपने कुकर्मों का दंड भोग रहा हूं कुकर्म करने वालों की मुक्ति ना गंगा में होती है ना गया में होती है ना पुष्कर में होती है ना प्रयागराज में होती है यह सुनकर के गोकर्ण जी महाराज ने भगवान सूर्य से मुक्ति का मार्ग पूछा तो भगवान सूर्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा प्रेत की पीड़ा को भी नष्ट कर सकती है तब धुंधकारी को बॉस में बिठाकर के 7 दिन श्रीमद् भागवत की कथा सुनाई गई जिसके फल स्वरुप उसे मुक्ति प्राप्त हुई कथा का सार यही है कि व्यक्ति को अपने कर्म सुधारना चाहिए।





## कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुसमी मानगढ़ की जर्जर हालत

**सिंग्रामपुर।** कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास कुसमी मानगढ़ की हालत वास्तव में चिंताजनक है। यह छात्रावास 2004-5 में बनाया गया था, लेकिन तब से इसका मेंटेनेंस नहीं हुआ है, जिससे इसकी दीवारें और छत टूटने लगी हैं। यहां 150 से अधिक छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं, और सहायक वार्डन सीमा खरे के भरोसे यह छात्रावास चल रहा है। छात्रावास की जर्जर हालत के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है क्योंकि दीवारें से सीमेंट झर रहा है और छठ का प्लास्टर गिर रहा है। सहायक वार्डन सीमा खरे ने बताया है कि छात्रावास की अत्यंत जर्जर हालत से अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, लेकिन शासन के द्वारा छात्रावास का मेंटेनेंस अभी तक नहीं कराया जा रहा है। बीआरसी प्रवेंद्र वैध ने बताया है कि दो दशक से भी अधिक पुरानी कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के मेंटेनेंस के लिए कोई राशि शासन के द्वारा प्रधान नहीं की गई है। अत्यंत जर्जर हालत के चलते अप यांत्रिक के द्वारा बीते वर्ष छात्रावास का निरीक्षण किया गया था और मेंटेनेंस के लिए 6 लाख की राशि की मांग वरिष्ठ कार्यालय से की गई थी। जैसे ही राशि प्राप्त होती है, कस्तूरबा बालिका छात्रावास का मेंटेनेंस किया जाएगा।



## मंत्री के बयान के विरोध में कांग्रेस ने किया पुतला दहन



**पटेरा।** प्रदेश एवं जिला कांग्रेस के निर्देशानुसार पटेरा ब्लाक के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केबीनेट मंत्री प्रहलाद पटैल द्वारा जनता के लिये दिये गये विवादित बयान के विरोध में पटेरा बस स्टेण्ड पर प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने जैसे ही पुतले में आग लगाई पुलिस ने वैसे ही पुतला छुड़ाकर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान कांग्रेस के धर्मेन्द्र चौधरी, नवाब सिंह सोलंकी, रत्नेश अग्रवाल, कमलेश ताम्रकार, नितिन ताम्रकार, हनी ताम्रकार, भुवन भास्कर नेमा, अतुल जैन, शिवम चौरसिया, गौरव ताम्रकार, संजय, मुन्ना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जुए के फड़ पर की छापामार कार्रवाई

**बनवार।** दमोह जिले के नोहटा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अभाना में चल रहे जुए के फड़ पर छापा मारा और आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुए के फड़ से 41,800 रुपये की नगदी और ताश के पत्ते भी बरामद किए हैं। नोहटा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया गिरफ्तार किए गए आधा दर्जन से अधिक जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने अंजाम दिया है।

हाई स्कूल परीक्षा में 271 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

## पर्यवेक्षक को लापरवाही बरतने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**दमोह।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 के अंतर्गत गुरुवार को संस्कृत विषय का प्रश्न पत्र आयोजित किया गया, जिले में 84 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 14,506 दर्ज विद्यार्थियों में से 14,235 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 271 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बनाया। सभी 19 उड़नदस्ता दलों द्वारा परीक्षा की निगरानी की गई। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में कैमरे के माध्यम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण तरह से संचालित की जा रही है। जिला स्तरीय उड़न दस्ता दल क्रमांक 4 ने परीक्षा केंद्र पुरा बैरागढ़, झलौन, सर्रा एवं तारादेही परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सर्रा में पर्यवेक्षक हल्के भाई कुर्मी द्वारा अपने पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही की जा रही थी, जिस पर संबंधित पर्यवेक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## प्रभावित व्यापारियों के साथ विचार विमर्श हेतू समिति का किया गठन

**दमोह।** सराफी बाजार की सम्पूर्ण दुकानों की तकनीकी रूप से खतरनाक होने की स्थिति के संबंध में सूक्ष्मता से जांच करने हेतु गठित की गई तकनीकी अधिकारियों की संयुक्त समिति द्वारा प्रस्तुत किये गये जांच प्रतिवेदन के अनुसार सराफा बाजार भवन अपनी आयु पूर्ण कर जर्जर एवं जीर्णशीर्ण होने के फलस्वरूप दुर्घटना ग्रस्त होने, जनहानि होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुये सराफा बाजार स्थित जर्जर भवन एवं दुकानों को डिस्मेन्टल करने एवं विहित प्रावधानों के अनुसार वैकल्पिक निर्माण करने के संबंध में प्रभावित व्यापारियों के साथ विचार विमर्श कर योजना तैयार कराने एवं समन्वय स्थापित करने हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समिति का गठन किया है। गठित समिति में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अध्यक्ष होंगे तथा पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अपर कलेक्टर मीना मसराम, नजूल अधिकारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग भ.स. दमोह, कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग पी.आई.यू. दमोह, अधीक्षण यंत्री म.प्र.पू.क्षे. विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड दमोह, उप पुलिस अधीक्षक ट्रेफिक / ट्रेफिक इंस्पेक्टर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दमोह, विशेष आमंत्रित सदस्य / विशेषज्ञ (आवश्यकतानुसार) समिति के सदस्य एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण दमोह समिति के सदस्य सचिव होंगे।सराफा एसोसिएशन नव युवक संघ दमोह द्वारा नामांकित सदस्य में किराना व्यापारी महासंघ दमोह अध्यक्ष बबलू नायक, सराफा एसोसिएशन नवयुवक संघ दमोह अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सराफ, आयुष हजारी, मनीष सोनी, मोहन नायक सदस्य (अशासकीय) होंगे। गठित समिति की बैठक माह में न्यूनतम एक बार आयोजित होगी एवं समिति की भूमिका केवल अनुशंसात्मक होगी।

# असिस्टे डायरेक्टर ने किया अवलोकन, प्रयासों की सराहना की

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के डायरेक्ट्रेट ऑफ जनरल हेल्थ सर्विसेज के असिस्टेण्ट डायरेक्टर डॉ. जितेश श्याम सुंदर गत दिवस दमोह भ्रमण पर रहे। उन्होंने 100 डेज निःक्षय अभियान के तहत दमोह जिले में संवेदनशील समूह में की जा रही टी.बी. स्क्रीनिंग, एक्सरे एवं जागरूकता गतिविधियों का मैदानी एवं खण्ड स्तरीय संस्था का अवलोकन किया। तदोपरांत जिला क्षय इकाई में सी.एच.ओ., एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की इस संबंध में एक अहम बैठक भी ली। डॉ. जितेन्द्र श्याम सुन्दर ने जिले में बेस्ट प्रेक्टिसेस के तहत मोबाइल वैन, विशेषकर मोटरसाईकल में ब्रॉडिंग कर की जा रही जागरूकता गतिविधियों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि दमोह जिले में 07 दिसम्बर से जारी नि-क्षय अभियान के तहत 2,70,050 अर्थात 96 प्रतिशत टीबी संवेदनशील लोगों में टीबी स्क्रीनिंग कर 789 नए टी.बी. मरीज चिन्हित कर इन्हे इलाज पर रखा गया है। इस दौरान 386 नि-क्षय मित्र बनाये जाकर 516 मरीजो को फूड बॉस्केट का वितरण किया गया है। पथरिया पहुॅचकर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर रजवांश, किन्द्राहों में हाथ से संचालित मशीन से किये जा रहे एक्सरे कार्य का अवलोकन किया। ग्रामीणजनों से चर्चा कर टीबी स्क्रीनिग एवं एक्सरे सेवाओं के बारे में जानकारी ली। एचडब्ल्यूसी में सीएचओ द्वारा दी जा रही सेवाओं, जागरूकता गतिविधियों के प्रति संतोष जताया। सामु.स्वा. केन्द्र बटियागढ पहुॅचकर टी.बी., स्क्रीनिंग, एन्टी रेबीज सीरम, एन्टी स्नैक वीनम व्हैक्सीन लैब जांच, रजिस्टर का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ गौरव जैन, जिला क्षय अधिकारी एवं सी.बी.एम.ओ. मौजूद रहे। तदुपरांत जिला स्तर पर सीएचओ, एएनएम, आशा से 100 डेज नि-क्षय अभियान के संबंध में प्रदायित सेवाओं एवं उनकी भूमिका, आशा को मिल रही प्रोत्साहन राशि व नि-क्षय पोषण योजना के तहत हितग्राहियों के खाते में शासन द्वारा स्थानांतरित की जा रही राशि के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य प्रदाताओं द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्टि जतायी।



प्रशासन, मंडी, व्यापारियों के साथ किसान संगठनों की बैठक संपन्न

# कृषि उपज मंडी में होगी गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सरकार किसानों को लाभ दिलाने के लिये लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में अब किसानों को एक नई सौगात मिलने जा रही है, उनको अपने कृषि उत्पाद गेंहू का विक्रय करने के लिये दमोह कृषि उपज मंडी में बेहतर व्यवस्थायें प्रदान करने के लिये कार्य प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देश पर दमोह अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक आर.एल. बागरी ने कृषि उपज मंडी दमोह के सभाकक्ष में एक बैठक के दौरान शासन-प्रशासन की मंशा को व्यापारियों एवं किसान संगठनों के सामने रखते हुये उनसे चर्चा की। उन्होने बेहतर कार्य के लिये सुझाव भी मांगे तथा उन पर अमल करने के लिये संबधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों की ओर से नरेन्द्र बजाज ने कहा मंडी में आवक और जावक की पंजी का संधारण होना चाहिये, जिसमें प्रतिदिन कितना माल आया और गया उसका उल्लेख किया जाये। पल्लेदार की संख्या बढ़ाने एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर हरिश्चन्द्र पटेल ने कहा किसान अपना गेंहू लेकर आयें इसके लिये उनको जो सुविधा निर्धारित की है, वह सभी दिलायी जायेगी। दमोह अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं कृषि उपज मंडी के भार साधक आर.एल. बागरी ने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी किसानों को नहीं होना चाहिये, इसकी जबाबदारी कृषि उपज मंडी के सचिव एवं उनके कर्मचारियों की है। उन्होंने कहा रजिस्टर्ड पल्लेदार ही यहां कार्य करेंगे, नाबालिग एवं महिलायें पल्लेदारी या अन्य कार्य नहीं करेंगे। अगर ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। एस.डी.एम. श्री बागरी ने जिले के सभी किसानों को दमोह कृषि उपज मंडी में गेंहू विक्रय के लिये आने की अपील करते हुये कहा कि प्रशासन एवं मंडी आपको बेहतर सुविधायें प्रदान करेगा। बैठक में मंडी सचिव घनश्याम प्रसाद मुड़ा, नीलामी प्रभारी सुनील मिश्रा, सी.डी. गुरू के साथ बडी संख्या में थोक अनाज व्यापारियों की उपस्थिति रही।

## सगरा में सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन आज से

**बनवार।** सगरा में सिद्धचक्र महामंडल विधान का आयोजन आज से शुरू होने जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 7 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा, जिसका कुशल निर्देशन बाल ब्रह्मचारी सुमित भैया द्वारा किया जाएगा। इस आठ दिन तक चलने वाले विशेष अनुष्ठान में नित्य कार्यक्रम की श्रृंखला में जिनेंद्र देव आज्ञा, मंडप शुद्धिकरण, देव अर्चना, देव, आचार्य और गुरु निमंत्रण, जप साधना घटयात्रा, श्रीजी शोभायात्रा ध्वजारोहण, अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद मुनिश्री का मंगल प्रवचन होगा। साथ ही, मुनि प्रबुद्ध सागर एवं मुनि निर्दोष सागर महराज के मंगल सानिध्य में सिद्धों की आराधना भी होगी। यह आयोजन श्री विद्यासागर धर्मशाला पार्श्वनाथ जैन मंदिर, बनवार/ग्राम सगरा में आयोजित किया जा रहा है।

**7 मार्च से 15 मार्च तक चलेगा धार्मिक कार्यक्रम**

# कांग्रेसियों ने पंचायत मंत्री का फूंका पुतला

**हटा।** प्रदेश की भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान को लेकर हटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में गुरुवार को नगर के राय चौराहा पर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए उनके बयान की निंदा कर उनसे स्तीफा देने की मांग करते हुए मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच पुतला दहन को लेकर कहा सुनी और झूमाझटकी हुई। मंत्री पद से स्तीफा नही देते तो उन्हें मुख्यमंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत नीलू पाठक, वरिष्ठ नेता रामनाथ राय ने कहा कि मंत्री प्रहलाद पटेल ने सार्वजनिक रूप से आम आदमी को अपमानित किया है। उनके द्वारा लोगों को भिखारी कहना बेहद आपत्तिजनक है। प्रहलाद पटेल भूल जाते हैं कि जनता जनार्दन के वोट से ही वे नेता बने है और इसी जनता जनार्दन का अपमान कर रहे हैं जबकि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधि से मांग रखना लोगों का अधिकार है। कांग्रेसियों ने कहा कि सत्ता के मद में प्रहलाद पटेल भूल गए हैं कि इसी जनता से वोट की भीख मांगकर वे मंत्री बने। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पिछले 20 साल में विकास नही किया गया। बृजेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि प्रहलाद पटेल ने अपने बयान से सभी के साथ लोधी समाज का विषेष रूप से अपमान किया है जिसे बर्दास्त नही किया जायेगा। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम यादव,योगेश गोलू सराफ, मोनू पटैरया, राजेश यादव विवेक जैन मुन्ना बसोर सहित दर्जनों कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

